# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र (2025-26)
## कक्षा XI
## हिंदी (ऐच्छिक) (002)

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

**सामान्य निर्देश:-**

- **इस प्रश्न-पत्र में तीन खंड हैं - खंड- क, ख और ग ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**
- **तीनों खंडों के कुल 14 प्रश्न हैं । तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**
- **यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।**

**प्रश्न सं.** **खंड 'क' (अपठित बोध)** **अंक**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(10 अंक)**

पीने के पानी की समस्या दिनोंदिन भयावह रूप लेती जा रही है। इसका मुख्य कारण पारंपरिक जल स्रोतों का लगातार सूखते जाना, ज़मीन के अंदर जल स्तर का नीचे जाना और जल स्रोतों का प्रदूषित होना है। यही कारण है कि जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही है लोगों को पीने के पानी की कमी होती जा रही है और यह समस्या सिर्फ़ शहरों में ही नहीं बल्कि गाँवों में भी अपने पाँव पसार रही है। नदियाँ और ज़मीन के भीतर का जमा जल ही मुख्य रूप से हमारे पारंपरिक जल स्रोत हैं। लेकिन बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण वैश्विक तापमान बढ़ने से पहाड़ों पर जमी बर्फ अब जल्दी पिघलने लगी है, जिससे नदियों में वर्षभर पानी नहीं आ पाता। बरसात की कमी या वर्षा जल का सही संरक्षण न हो पाने के कारण एक ओर ज़मीन उचित मात्रा में जल सोख नहीं पाती तो दूसरी ओर आधुनिक संयंत्रों से धरती और नदी के जल का अधिक दोहन होने लगा है। हर साल ज़मीन के नीचे जितना जल संचय नहीं होता उससे अधिक पानी खींच लिया जाता है। इस तरह सदियों से संचित जल का स्तर काफी नीचे चला गया है। सरकार अब वर्षा जल के संग्रहण के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रही है, जिसे 'जल-खेती' के नाम से जाना जाता है । वर्षा-जल संग्रहण, पारंपरिक जल स्रोतों के दोहन और जल प्रदूषण पर रोक लगाकर ही इसका समाधान किया जा सकता है।

**(i)** गद्यांश के आधार पर पीने के पानी की समस्या का भयावह रूप धारण करने का कारण नहीं है- **1**

(A) पारंपरिक जल स्रोतों का सूखते जाना
(B) भू-जल स्तर का निरंतर कम होना
(C) जल स्रोतों का दिनोंदिन प्रदूषित होना
(D) वैश्विक स्तर पर जलवायु में परिवर्तन होना

**(ii)** निम्नलिखित कथन और परिणाम को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए- **1**

कथन : संचित जल से अधिक भू-जल विभिन्न माध्यमों से निकाला जा रहा है।
परिणाम : भू-जल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे जाता जा रहा है।
विकल्प -

(A) कथन सही है, लेकिन परिणाम ग़लत है।

(B) कथन और परिणाम दोनों सही हैं।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन परिणाम सही है।

(D) कथन और परिणाम दोनों ग़लत हैं।

**(iii)** 'जल-खेती' से अभिप्राय है : **1**

(A) जल का संग्रहण

(B) जल का संरक्षण

(C) जल के लिए खेती

(D) जल में खेती

**(iv)** पारंपरिक जल स्रोत किन्हें कहा जाता है? **1**

**(v)** वैश्विक तापमान में वृद्धि का क्या दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है ? **2**

**(vi)** धरती के जल स्तर में आने वाली गिरावट के कारणों की समीक्षा कीजिए। **2**

**(vii)** धरती के जल स्तर में सुधार के किन्हीं दो उपायों का वर्णन कीजिए। **2**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कविता के अंश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (08 अंक)**

हे ग्राम देवता ! नमस्कार !
सोने-चाँदी से नहीं किंतु
तुमने मिट्टी से किया प्यार ।
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !
जन कोलाहल से दूर कहीं
एकाकी सिमटा-सा निवास,
रवि-शशि का उतना नहीं कि
जितना प्राणों का होता प्रकाश ।
श्रम-वैभव के बल पर करते हो,
जड़ में चेतन का विकास,
दानों-दानों में फूट रहे,
सौ-सौ दानों के हरे हास ।
यह है न पसीने की धारा,
यह गंगा की है धवल धार ।
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !
अधखुले अंग जिनमें केवल है
कसे हुए कुछ अस्थि-खंड
जिनमें दधीचि की हड्डी है,
यह वज्र इंद्र का है प्रचंड !
जो है गतिशील सभी ऋतु में
गर्मी, वर्षा हो या कि ठंड ।
जग को देते हो पुरस्कार,
देकर अपने को कठिन दंड !

झोंपड़ी झुकाकर तुम अपनी,
ऊँचे करते हो राज-द्वार !
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

(i) 'किसान स्वयं छोटे-से घर में संतुष्ट रहता है ।' - यह भाव किन पंक्तियों में आया है? 1

(A) सोने-चाँदी से नहीं किंतु तुमने मिट्टी से किया प्यार ।
(B) जन कोलाहल से दूर कहीं एकाकी सिमटा-सा निवास ।
(C) रवि-शशि का उतना नहीं कि जितना प्राणों का होता प्रकाश ।
(D) जो है गतिशील सभी ऋतु में गर्मी, वर्षा हो या कि ठंड ।

(ii) किसान को कवि ने 'देवता' क्यों कहा है ? 1

(A) गर्मी-सर्दी सभी ऋतुओं में कठोर परिश्रम करने के कारण
(B) ऊँचे-ऊँचे राज-प्रासादों में रहने वालों का पेट भरने के कारण
(C) सोने-चाँदी के स्थान पर मिट्टी से प्रेम करने के कारण
(D) अपने श्रमबल से अन्न उपजा कर संसार का पेट भरने के कारण

(iii) अंतिम पद में किसान की कौन-सी विशेषताओं का वर्णन है ? 1

(A) सहनशीलता – उदारता
(B) अहिंसक – सत्यवादी
(C) कर्मठ – प्रतिभाशाली
(D) दानवीर – विश्वसनीय

(iv) काव्यांश के अनुसार ग्राम देवता कौन है? 1

(v) 'हे ग्राम देवता ! नमस्कार ! सोने-चाँदी से नहीं किंतु तुमने मिट्टी से किया प्यार' पंक्ति का क्या आशय है? 2

(vi) ग्राम देवता की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । 2

## खंड 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक के आधार पर) (22 अंक)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) संचार प्रक्रिया में 'फीडबैक' क्या है? 1

(ख) 'वर्तमान समय में हम इंटरनेट के बिना दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते ।' कथन की समीक्षा कीजिए । 2

(ग) सोशल मीडिया पर फेक न्यूज़ की चुनौतियों के समक्ष जनसंचार माध्यमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए । 2

**प्रश्न 4. निम्न में से किसी <u>एक विषय</u> पर लगभग 120 शब्दों में दृश्य लेखन कीजिए।** 5x1=5

(क) विद्यालय में छूट्टी के समय का दृश्य
(ख) किसी अस्पताल का दृश्य
(ग) किसी मेट्रो ट्रेन का दृश्य

**प्रश्न 5.** (क) अपनी कॉलोनी में अवैध अतिक्रमण का उल्लेख कर दिल्ली नगर निगम के अधिकारी को इस अतिक्रमण को हटाने का अनुरोध करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। 5x1=5

**अथवा**

(ख) एक राष्ट्रीय स्तर के अखबार को क्षेत्रीय स्तर पर हिंदी अनुवादकों की आवश्यकता है। अपनी योग्यताओं का उल्लेख करते हुए स्ववृत्त के साथ इस पद पर नियुक्ति हेतु लगभग 100 शब्दों में आवेदन पत्र लिखें ।

**प्रश्न 6.** (क) आपके मोहल्ले में आयोजित नेत्र जाँच शिविर (आई चेकअप कैंप) पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। **3x1=3**

**अथवा**

(ख) आपके मोहल्ले के पार्क में बच्चों के झूले लगवाने के लिए मोहल्ले के पार्षद और दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न होनी है, उसकी कार्य-सूची तैयार कीजिए ।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-** **2x2=4**

**(क)** मनुष्य के व्यक्तित्व का परिष्कार करने में डायरी-लेखन की क्या भूमिका है? स्पष्ट कीजिए ।

**(ख)** डायरी लेखन स्वयं से साक्षात्कार है, कैसे?

**खंड 'ग' (अंतरा भाग-1, अंतराल भाग-1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर)** **(40 अंक)**

**प्रश्न 8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कीजिए -** **1x5=5**

खेलन में को काको गुसैयाँ।
हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस हीं कत करत रिसैयाँ।
जाति-पाँति हमतैं बड़ नाहीं, नाहीं बसत तुम्हारी छैयाँ।
अति अधिकार जनावत यातै जातैं अधिक तुम्हारैं गैयाँ।
रूठहि करै तासौं को खेलै, रहे बैठि जहँ-तहँ ग्वैयाँ।
सूरदास प्रभु खेल्यौइ चाहत, दाऊँ दियौ करि नंद-दुहैयाँ।

**(i)** इस पद में 'गुसैयाँ' शब्द का अर्थ क्या है?

(A) सेवक
(B) स्वामी
(C) ग्वाला
(D) दासी

**(ii)** नीचे दिए गए शब्दों का उनके अर्थ से मिलान करें-

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| 1. ग्वैयाँ | (A) ग्वाला |
| 2. रिसैयाँ | (B) रूठना |
| 3. बरबस | (C) जबरन |
| 4. छैयाँ | (D) छाया |

विकल्प-
(A) 1-A, 2-B, 3-C, 4-D
(B) 1-B, 2-A, 3-D, 4-C
(C) 1-D, 2-C, 3-A, 4-B
(D) 1-C, 2-D, 3-B, 4-A

**(iii)** निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन : सूरदास जी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत सुंदर वर्णन किया है।

कारण : सूरदास जी वीर रस के प्रमुख कवि थे।

(A) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

(C) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

**(iv)** 'अति अधिकार जनावत' में किस अधिकार की बात हो रही है?

(A) खेल में जीतने का अधिकार

(B) रूठने-मनाने के अधिकार

(C) शिक्षा का अधिकार

(D) दंड देने का अधिकार

**(v)** इस पद में सूरदास जी ने किस भक्ति मार्ग का अनुसरण किया है?

(A) निर्गुण भक्ति

(B) ज्ञान मार्ग

(C) सगुण भक्ति

(D) योग मार्ग

**प्रश्न 9. निम्न में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** **2x2=4**

**(क)** 'अरे इन दोहुन राह न पाई' से कबीर का क्या आशय है और वे किस राह की बात कर रहे हैं? वर्तमान समय में इसकी क्या प्रासंगिकता है?

**(ख)** देव का 'दरबार' कविता सामंती मनोवृत्ति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करती है, स्पष्ट कीजिए ।

**(ग)** लाला के मन में किस प्रकार की दुविधा है? 'संध्या के बाद' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से <u>किसी एक काव्यांश</u> की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –** **6x1=6**

**(क)**

साँसनि ही सौं समीर गयो अरु, आँसुन ही सब नीर गयो ढरि।
तेज गयो गुन लै अपनो, अरु भूमि गई तन की तनुता करि॥
'देव' जियै मिलिबेही की आस कि, आसहु पास अकास रह्यो भरि।
जा दिन तै मुख फेरि हरै हँसि, हेरि हियो जु लियो हरि जू हरि॥

**अथवा**

**(ख)**

मिलकर भोग करें जीवन का,
जन विमुक्त हो जन-शोषण से,
हो समाज अधिकारी धन का?
दरिद्रता पापों की जननी,
मिटें जनों के पाप, ताप, भय,
सुंदर हों अधिवास, वसन, तन,
पशु पर फिर मानव की हो जय?

व्यक्ति नहीं, जग की परिपाटी
दोषी जन के दुःख क्लेश की,
जन का श्रम जन में बँट जाए,
प्रजा सुखी हो देश देश की!
टूट गया वह स्वप्न वणिक का,

**प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कीजिए -** **1x5=5**

वह चार-पाँच साल का गरीब-सूरत, दुबला-पतला लड़का, जिसका बाप गत वर्ष हैजे की भेंट हो गया और माँ न जाने क्यों पीली होती-होती एक दिन मर गई। किसी को पता न चला, क्या बीमारी है। कहती तो कौन सुनने वाला था। दिल पर जो कुछ बीतती थी, वह दिल में ही सहती थी और जब न सहा गया तो संसार से बिदा हो गई। अब हामिद अपनी बूढ़ी दादी अमीना की गोद में सोता है और उतना ही प्रसन्न है। उसके अब्बाजान रुपये कमाने गए हैं। बहुत-सी थैलियाँ लेकर आएँगे। अम्मीजान अल्लाह मियाँ के घर से उसके लिए बड़ी अच्छी-अच्छी चीजें लाने गई हैं इसलिए हामिद प्रसन्न है। आशा तो बड़ी चीज है, और फिर बच्चों की आशा! उनकी कल्पना तो राई का पर्वत बना लेती है।

**(i)** चार-पाँच साल का गरीब-सूरत, दुबला-पतला लड़का कौन है?

(A) महमूद
(B) मोहसिन
(C) हामिद
(D) नूरे

**(ii)** निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

कथन : बच्चों की कल्पना राई को भी पर्वत बना देती है।
कारण : बच्चे कल्पनाशील कम और यथार्थवादी अधिक होते हैं।
विकल्प :
(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।
(B) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है।
(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।
(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

**(iii)** गद्यांश के अनुसार असत्य कथन है-

(A) हामिद के पिता प्लेग से मर गए।
(B) अमीना हामिद की एकमात्र सहारा हैं।
(C) हामिद की माँ दुःख और चिंता में मर गई।
(D) हामिद एक प्रसन्नचित्त बालक है।

**(iv)** हामिद --------बालक है-

(A) निराशवादी
(B) आशावादी
(C) समस्यामूलक

(D) अवसादग्रस्त

**(v)** गद्यांश का केंद्रीय भाव निम्नलिखित बिंदुओं से स्पष्ट होता है :

I. एक गरीब परिवार की त्रासदी और उसकी विवशता

II. बाल मनोविज्ञान का स्पष्ट उदाहरण

III. निराशावाद और परिस्थितियों से हार मानना

विकल्प:

(A) केवल I सही है।

(B) II और III सही हैं।

(C) I और II सही हैं।

(D) केवल III सही है।

**प्रश्न 12. निम्न में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** **2x2=4**

**(क)** ईदगाह कहानी के प्रमुख पात्र हामिद के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए तथा आपको उसके चरित्र की कौन सी-विशेषता सबसे अच्छी लगी और क्यों?

**(ख)** "'अमरकांत आम बोलचाल की ऐसी भाषा का प्रयोग करते हैं जिससे कहानी की संवेदना पूरी तरह उभरकर आ जाती है।' 'दोपहर का भोजन' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** लेखक ने 'सूरज छाप' टार्च की पेटी को नदी में क्यों फेंक दिया? क्या आप भी वही करते?

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से <u>किसी एक गद्यांश</u> की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –** **6x1=6**

**(क)** मैं आज मनुष्य को एक घने अंधकार में देख रहा हूँ। उसके भीतर कुछ बुड़ गया है। यह युग ही अंधकारमय है। यह सर्वग्राही अंधकार संपूर्ण विश्व को अपने उदर में छिपाए है। आज मनुष्य इस अंधकार से घबरा उठा है। वह पथभ्रष्ट हो गया है। आज आत्मा में भी अंधकार है। अंतर की आँखें ज्योतिहीन हो गई हैं। वे उसे भेद नहीं पातीं। मानव-आत्मा अंधकार में घुटती है। मैं देख रहा हूं, मनुष्य की आत्मा भय और पीड़ा से त्रस्त है।

**अथवा**

**(ख)**

सारा घर मक्खियों से भनभन कर रहा था। आँगन की अलगनी पर एक गंदी साड़ी टँगी थी, जिसमें कई पैबंद लगे हुए थे। दोनों बड़े लड़कों का कहीं पता नहीं था। बाहर की कोठरी में मुंशी जी औंधे मुँह होकर निश्चिंतता के साथ सो रहे थे, जैसे डेढ़ महीने पूर्व मकान किराया नियंत्रण विभाग की क्लर्की से उनकी छँटनी न हुई हो और शाम को उनको काम की तलाश में कहीं जाना न हो!

**प्रश्न 14. निम्न में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए-** **5x2=10**

**(क)** मकबूल ने बड़ौदा शहर की क्या विशेषताएँ बताई हैं? आप अपने शहर की विशेषताओं को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

**(ख)** कला के प्रति लोगों का नजरिया पहले कैसा था? उसमें अब क्या बदलाव आया है? 'हुसैन की कहानी अपनी ज़बानी' पाठ के आधार पर स्पष्ट करें। आप कला को किस नज़रिए से देखते हैं?

**(ग)** 'हुसैन की कहानी अपनी ज़बानी' पाठ की विधा क्या है? इस विधा की क्या विशेषताएँ होती हैं?